दिनांक 06.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के आवेदन भराए जा रहें हैं जिसके लिए नगर निगम के कर्मचारियों का दल गठित किया गया है जो घर–घर सर्वें का कार्य कर रहें हैं। निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने मजदुर कार्डधारी श्रमिकों से अपील की है कि सर्वे दल का पूर्ण सहयोग देते हुए आवश्यक रुप से 10 मई तक अपना बीमा आवेदन जमा करावें। 10 मई के बाद आपके मजदुर कार्ड निरस्त कर दिया जायेगा। इसलिए अंतिम अवसर का लाभ उठाते हुए आवश्यक रुप से बीमा का आवेदन सर्वे दल के पास जमा करावें।

योजना के प्रभारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत आवेदन भराये जा रहें हैं भिलाई शहरी क्षेत्र में कुल 85075 श्रमिकों ने अपना मजदुर कार्ड बनाया है जिसमें मात्र 34583 श्रमिकों का ही बीमा के आवेदन प्राप्त हुए हैं शेष श्रमिकों के द्वारा अपना आवेदन जमा नहीं किया गया है ऐसे श्रमिक 10 मई 2018 तक बीमा कराने फार्म सर्वे दल को जमा कराना होगा अन्यथा उनके मजदुर कार्ड निरस्त कर दिये जायेंगे। मजदुर कार्ड निरस्त होने पर उन्हे शासन की कोई भी योजना जैसे राशन कार्ड, मशीन, साइकिल इत्यादि की सुविधा से वंचित होना पड़ेगा इसलिए निगम द्वारा गठित सर्वे दल के कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए आवश्यक रुप से बीमा हेतु अपने आवेदन फॉर्म जमा कराकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठायें।

जन सम्पर्क अधिकारी